आकाशवाणी चंडीगढ़

27 जनवरी 2025, समय 1810

समाचार

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे होने पर 324 नए क्रैच केंद्रों का उद्घाटन किया।

  मुख्यमंत्री ने किसानों के खाते में खरीफ फसल के लिए बोनस के 368 करोड़ रुपए का सीधा हस्तांतरण किया।

- प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 13 करोड़ से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में अपनी सरकार का 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड जारी किया।

- पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर परसों 29 जनवरी से अंतरास्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे होने पर चंडीगढ़ से बटन दबा कर प्रदेश भर में 324 नए क्रैच केंद्रों का उद्घाटन किया। इनमें से 15 क्रैच केंद्र सिरसा जिले में और 21 क्रैच केंद्र भिवानी जिले में खोले गए हैं। इसके साथ प्रदेश में कुल क्रैच केंद्रों की संख्या 500 हो गई है। यहां कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल की जा रही है।
मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर किसानों के खाते में खरीफ फसल के लिए बोनस के 378 करोड़ रुपए का सीधे हस्तांतरण भी किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा -

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल,कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी और लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे।

****

प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। आज गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान किया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है। यह फैसला 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिक भीड-भाड वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल तैनात किए गए हैं।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में अपनी सरकार के 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। एक पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया के सामने सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियों को रखा। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना पर्ची -खर्ची के 27 हज़ार से अधिक युवाओं को सरकरी नौकरी दी है और 17 हज़ार पदों पर भर्ती की प्रिक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 50 करोड़ रूपये की लगत से 250 इंडोर जीम खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विकास पर और उनके जीवन को सुविधा मुक्त बनाने के लिए सरकार लगत काम कर किया है। स्वयं सहायता समूहों की एक लाख 85 हज़ार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी घरों में नल से जल पहुंचाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है जो बच्चियां महाविधालय दूर होने के कारण उच्च शिक्षा नहीं ले पाती थी उनके लिए विधालय व महाविधालय खोले गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने घोषणा पत्र में किए वादों के अनुसार अनुसूचित जातियों को आरक्षण में बराबर का हक़ देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्कार ने कृषक पट्टेदारों की भूमि का मालिकाना हक़ देने के लिए कानूनों में संशोधन किया है। इसके अलावा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कम आय

वाले लोगों के घरों पर 12 हज़ार 547 सौर ऊर्जा सयंत्र लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है और खरीफ फसलों के लिए 2000 रुपए प्रति एकड़ की दर से बोनस के एक हज़ार तीन करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों से हर वर्ग के लोगों को लाभ हुआ है।
बाइट सीएम विक्षित भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आगे भी जान हित के फैसले जारी रखेगी और दो लाख युवाओं को नौकरी देगी।

****

हरियाणा सरकार पहली बार पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन करेगी। इस 7 महोत्सव का शुभारंभ 29 जनवरी को होगा। महोत्सव के दौरान से 2 फरवरी तक मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा 29 जनवरी से 4 फरवरी तक तीर्थ स्थल पर सरस मेले का आयोजन किया जाएगा।बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से इस वर्ष महोत्सव पर आदि बद्री से लेकर रन आफ कच्छ तक सरस्वती नदी के मार्ग पर आने वाले सभी ऐतिहासिक तीर्थों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, हालांकि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर सरस मेला 4 फरवरी तक चलेगा। इस सरस मेले में हरियाणा के हर जिले से सैल्फ हैल्प ग्रुप के शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है।अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज आदि बद्री उद्गम स्थल से होगा। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 29 जनवरी को सुबह 10 बजे करेंगे और 29 जनवरी को ही पिहोवा में सरस्वती तीर्थ पर सरस मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों के समापन पर पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर सुबह 11 बजे केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व सायं के समय दीप दान कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के साथ-साथ राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा पहुंचेगी। सरस्वती महोत्सव में पहली बार भजन संध्या की प्रस्तुति होगी।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक सरस्वती नदी पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार में जहां देश भर के शोधकर्ता और वैज्ञानिक पहुंचेंगे वहीं सरस्वती पर शोध करने वाले विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक पहुंचेंगे या ऑनलाइन प्रणाली के साथ जुड़ेंगे।